दैनिक
स्वर्णिम प्रदेश
swarnimpradesh
http://www.swarnimpradesh.in
http://epaper. swarnimpradesh.in
Email- swarnimpradesh@yahoo.com
संरक्षक: मां वैष्णों देवी
सभी देशवासियों को 77 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!
* वर्ष: 08 * अंक : 206 * मुंबई, सोमवार, 26 जनवरी 2026 * पेज: 6 * मूल्य: 2 रुपये * संपादक: सुनील कुमार तिवारी

समस्त पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतकों एवं देशवासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।
साथ ही सूचित किया जाता है कि गणतंत्र दिवस की छुट्टी के कारण अगली मुलाकात बुधवार को होगी।
– संपादक

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम संदेश
भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

संवाददाता

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में देशवासियों को २६ जनवरी की शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत निरंतर आर्थिक प्रगति कर रहा है और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि गणतंत्र दिवस का पर्व देश के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर आत्ममंथन का अवसर प्रदान करता है।

१५ अगस्त १९४७ को स्वतंत्रता प्राप्ति के साथ भारत ने अपनी दिशा स्वयं तय की और २६ जनवरी १९५० को संविधान लागू होने के साथ देश ने एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित की। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान विश्व इतिहास के सबसे बड़े गणतंत्र का मूल आधार है, जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों को सुदृढ़ करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि रक्षा क्षेत्र

में आत्मनिर्भरता ने 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी ऐतिहासिक सफलताओं को संभव बनाया है। उन्होंने राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने वाले प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने महिलाओं की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मतदान में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी हमारे गणतंत्र को और अधिक सशक्त बनाती है। विकसित भारत के निर्माण में 'नारी शक्ति' की भूमिका निर्णायक होगी। (शेष पेज २ पर)

बार्शी में दोनों कट्टर विरोधी शिवसेना एक साथ
भाजपा के पास पैसा ज्यादा, हमारे पास मानसिक ताकत: सुषमा अंधारे

संवाददाता

मुंबई। उद्धव ठाकरे गुट की उपनेता सुषमा अंधारे ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि भाजपा कोई 'धुले चावल का दल' नहीं है, बल्कि उसके पास सिर्फ पैसा और मनी-मसल की ताकत ज्यादा है, जबकि उसे टक्कर देने के लिए हमारे पास मानसिक शक्ति और संघर्ष की ताकत है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वे एक साधारण आंदोलनकारी कार्यकर्ता हैं और महिला होने का कभी विक्टिम कार्ड नहीं खेलतीं। साथ ही उन्होंने दो टूक कहा कि उन्हें महिला समझकर हल्के में न लिया जाए। सुषमा अंधारे ने कहा कि शिवसेना में पहली बार किसी महिला को जिला संपर्क प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है और वे मजबूती से लड़ रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी (शेष पेज २ पर)

गठबंधन पंजीकरण में अड़चन: बीएमसी महापौर चुनाव स्थगित



संवाददाता

मुंबई। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में महापौर पद के लिए प्रस्तावित चुनाव फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। भाजपा और शिवसेना के बीच गठबंधन (संयुक्त समूह) के पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी न हो पाने के कारण प्रशासन को यह फैसला लेना पड़ा है। चुनाव टलने से मनपा की राजनीतिक गतिविधियों में अस्थायी ठहराव आ गया है और सत्ता समीकरणों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। महापौर पद के लिए आरक्षण की घोषणा के बाद बीएमसी प्रशासन ने ३१ जनवरी को मतदान कराने का कार्यक्रम तय किया था। इसके तहत २७ जनवरी को नामांकन पत्र दाखिल किए जाने थे और चुनाव से संबंधित विज्ञापन जारी करने की भी तैयारी पूरी कर ली गई थी। हालांकि, अंतिम समय में तकनीकी और राजनीतिक कारणों से यह कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। बीएमसी प्रशासन के अनुसार, भाजपा और शिवसेना का संयुक्त समूह पंजीकरण अब तक पूरा नहीं हो सका है। नियमों के मुताबिक, किसी भी गठबंधन या समूह का औपचारिक पंजीकरण हुए बिना महापौर चुनाव कराना संभव नहीं होता। (शेष पेज २ पर)

पद्म पुरस्कार 2026 की घोषणा: महाराष्ट्र के 15 विभूतियों को मिलेगा देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

संवाददाता

नई दिल्ली। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कारों की घोषणा आज कर दी गई। कला, खेल, विज्ञान, व्यापार, उद्योग और समाजसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कुल १३१ विशिष्ट व्यक्तियों को वर्ष २०२६ के लिए पद्म पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इनमें महाराष्ट्र के १५ विभूतियों को यह सम्मान मिला है। महाराष्ट्र को इस वर्ष एक पद्म विभूषण, तीन पद्म भूषण और ११ पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों की घोषणा की जाती है। वर्ष २०२६ के लिए देशभर से चयनित १३१ पुरस्कार विजेताओं में ५ पद्म विभूषण, १३ पद्म भूषण और ११३ पद्मश्री शामिल हैं।

इस वर्ष १९ महिलाएं, ६ विदेशी अथवा अनिवासी भारतीय, तथा १६ व्यक्तियों को मरणोपरांत यह सम्मान प्रदान किया गया है। हिंदी फिल्म जगत के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र सिंह देओल को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है। पद्म भूषण श्रेणी में महाराष्ट्र से तीन प्रमुख नाम शामिल हैं—प्रसिद्ध पार्श्वगायिका अलका याज्ञिक (कला), विज्ञापन जगत के दिग्गज पीयूष पांडे (मरणोपरांत– कला) और बैंकिंग व उद्योग क्षेत्र के अग्रणी उदय कोटक (व्यापार एवं उद्योग)। पद्मश्री पुरस्कार के

लिए महाराष्ट्र के ११ मान्यवरों के नाम घोषित किए गए हैं। खेल क्षेत्र से क्रिकेटर रोहित शर्मा, चिकित्सा क्षेत्र में योगदान के लिए श्रीमती आर्मिडा फर्नांडिस, समाजसेवा के लिए जनार्दन बापुराव बोथे, तथा कृषि क्षेत्र से श्रीरंग देवाबा लाड को सम्मानित किया गया है।

कला क्षेत्र में भिकल्या लाडक्या धिंडा, माधवन रंगनाथन, रघुवीर तुकाराम खेडकर और सतीश शाह (मरणोपरांत) को पद्मश्री प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त व्यापार एवं उद्योग क्षेत्र से अशोक खाडे और सत्यनारायण नुवाल, जबकि विज्ञान एवं अभियांत्रिकी क्षेत्र से जुझेर वासी को यह सम्मान दिया गया है। इन सभी पुरस्कारों को मार्च–अप्रैल २०२६ में राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष समारोह में राष्ट्रपति के हाथों प्रदान किया जाएगा।

नागौर में अवैध विस्फोटकों का जखीरा बरामद, 9,550 किलो अमोनियम नाइट्रेट जब्त, एक गिरफ्तार

संवाददाता

नागौर, राजस्थान। जिले में अवैध विस्फोटक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए थांवला थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने संयुक्त ऑपरेशन में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। पुलिस ने ग्राम सरहद हरसौर स्थित एक खेत में बने मकान पर छापेमारी कर करीब ९,५५० किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट समेत अन्य विस्फोटक उपकरण जब्त किए हैं। इस दौरान ५८ वर्षीय आरोपी सुलेमान खान पुत्र करीम खान को मौके से गिरफ्तार किया गया है, जो इसी क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के सुपरविजन में अंजाम दी गई। एसपी कच्छावा ने बताया कि जिला स्पेशल टीम को गोपनीय सूचना मिली थी कि हरसौर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध विस्फोटकों का भंडारण किया गया है। सूचना की पुष्टि के बाद (शेष पेज २ पर)

गुरु तेग बहादुर साहिब का बलिदान मानवता और धर्म की रक्षा के लिए था: मुख्यमंत्री फडणवीस
'हिंद-दी-चादर' श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी समागम कार्यक्रम में लाखों श्रद्धालुओं की रही उपस्थिति

संवाददाता

नांदेड। 'हिंद-दी-चादर' श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का बलिदान केवल सिख धर्म के लिए नहीं, बल्कि सत्य, धर्म, स्वतंत्रता और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए था। उनका सर्वोच्च त्याग आज भी हमें निर्भीक होकर अन्याय के विरुद्ध खड़े रहने की प्रेरणा देता है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार ने उनके विचारों और इतिहास को जनता तक पहुँचाने का निर्णय लिया है, रविवार को यह प्रतिपादन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया। नांदेड के मोदी मैदान में आयोजित श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के ३५०वें शहीदी समागम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब का बलिदान देश की संस्कृति, सभ्यता और सभी धर्मों की रक्षा के लिए था। उनके पराक्रम, शौर्य और सर्वोच्च त्याग को नमन करने के लिए लाखों श्रद्धालु नांदेड की ऐतिहासिक भूमि पर एकत्र हुए हैं।

उनके बलिदान से पूरे देश में धर्म, आत्मसम्मान और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष की नई चेतना जागृत हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शहीदी समागम केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि गुरु तेग बहादुर साहिब का गौरवशाली इतिहास प्रत्येक गाँव, वाड़ी और बस्ती तक पहुँचाने का व्यापक अभियान है। साथ ही राज्य सरकार ने सिख गुरुओं के इतिहास को

विद्यार्थियों तक पहुँचाने का दायित्व भी अपने हाथ में लिया है, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ इस विरासत से परिचित हो सकें। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार, आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री कोनिडेला पवन कल्याण, राज्य के मंत्री गिरीश महाजन, पंकजा मुंडे, बाबासाहेब पाटील, पालकमंत्री अतुल सावे, दिल्ली सरकार के मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद अशोक चव्हाण सहित अनेक सांसद, विधायक, वरिष्ठ अधिकारी और धार्मिक-सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब का बलिदान किसी एक धर्म तक सीमित नहीं था, बल्कि सम्पूर्ण मानव सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए था। अत्याचारी शासकों की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध उन्होंने विचार-स्वतंत्रता और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने अंधविश्वास और कुप्रथाओं के विरुद्ध जनजागरण किया तथा धर्मशालाओं, कुओं और जनकल्याणकारी कार्यों के माध्यम से समाज को नई दिशा दी। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने मराठी में अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए महाराष्ट्र में पुनः आने की खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब के बलिदान की स्मृति में आयोजित यह समागम अविस्मरणीय है। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश को नई ऊँचाइयों तक ले जाने और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज, संत तुकाराम, संत ज्ञानेश्वर, महात्मा फुले और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की परंपरा का (शेष पेज २ पर)

संपादकीय

हिंदू एकता या हिंदू विभाजन की राजनीति?

हिंदूवादी राजनीति के मंचों से यह नारा बड़े जोर-शोर से उछाला जाता रहा है कि हिंदुस्तान में रहने वाला हर नागरिक हिंदू है। यदि इस विचारधारा को शाब्दिक रूप से स्वीकार कर लिया जाए, तो फिर मुसलमान, ईसाई, सिख—सभी हिंदू ही ठहरते हैं। इस वैचारिक उलझन को एक क्षण के लिए अलग रख दें, तो मौजूदा सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी की राजनीति हिंदुओं को एकजुट करने के बजाय उन्हें आपस में बांटने और परस्पर वैमनस्य की ओर धकेलती अधिक दिखाई देती है। आज स्थिति यह है कि एक ओर आदिवासी समाज स्वयं को हिंदू कहे जाने का विरोध करता है। इसके पीछे केवल धार्मिक पहचान का प्रश्न नहीं, बल्कि जल, जंगल और जमीन से बेदखली की पीड़ा भी छिपी है। आदिवासियों की पारंपरिक जीवन-व्यवस्था को कॉरपोरेट हितों के हवाले किए जाने का भय उन्हें हिंदू पहचान से दूरी बनाने को विवश करता है। यह अलगाव स्वाभाविक है, लेकिन इसे समझने और सुलझाने के बजाय सत्ता इसे और गहरा करने में लगी प्रतीत होती है। दूसरी ओर, सुनियोजित तरीके से ब्राह्मणों को 'यूरेशियाई' या 'विदेशी' बताने का चलन सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाया गया। यहां तक कि ब्राह्मण समाज को देश से भगाने जैसे उग्र और घृणास्पद नारे भी उछाले जाने लगे। राजपूतों की उत्पत्ति को लेकर भी अनेक अपमानजनक और भ्रामक सिद्धांतों का प्रचार किया गया। इसका कारण स्पष्ट है—बिना किसी आरक्षण के अपनी मेधा और परिश्रम के बल पर ब्राह्मण और राजपूत समाज का प्रशासनिक, न्यायिक और बौद्धिक क्षेत्रों में प्रभाव। इतिहास साक्षी है कि चाहे मुगल रहे हों या अंग्रेज, दोनों ही ब्राह्मणों की बौद्धिक शक्ति से भयभीत रहे।

अकबर ने स्वयं स्वीकार किया था कि ब्राह्मणों को युद्ध में पराजित नहीं किया जा सकता। १८५७ की क्रांति में अंग्रेज अधिकारी पर गोली चलाने वाले पहले क्रांतिकारी मंगल पांडेय ब्राह्मण थे। बलिया बागी का विद्रोह भी इसी चेतना का प्रतीक था। अंग्रेजों की 'फूट डालो, राज करो' नीति के तहत पेशवाओं के विरुद्ध महारों को उकसाकर युद्ध कराना इसी सामाजिक विभाजन का उदाहरण है। राजपूतों का इतिहास भी स्वाभिमान और प्रतिरोध का इतिहास है। महाराणा प्रताप ने अकबर जैसे शक्तिशाली सम्राट के सामने कभी घुटने नहीं टेके। भामाशाह ने अपना सर्वस्व राष्ट्र को समर्पित कर दिया और भील आदिवासियों ने छापामार युद्ध से मुगल सेनाओं को भारी क्षति पहुंचाई। स्वतंत्रता संग्राम में ब्राह्मणों, क्षत्रियों, मुसलमानों और आदिवासियों—सभी ने मिलकर बलिदान दिया। पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, चंद्रशेखर आज़ाद, अशफाक उल्लाह खान, भगत सिंह, ठाकुर रोशन सिंह—ये सभी केवल भारतीय थे, किसी जाति या मजहब की सीमाओं में बंधे नहीं। स्वतंत्रता के बाद संविधान में सामाजिक न्याय के उद्देश्य से आरक्षण की व्यवस्था की गई, वह भी मात्र दस वर्षों के लिए। लेकिन राजनीति ने इसे स्थायी हथियार बना दिया। डॉ.भीमराव आंबेडकर की आशंका सच साबित हुई—आरक्षण सामाजिक न्याय से अधिक वोट बैंक का साधन बन गया। 'जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' जैसे नारे योग्यता और प्रतिस्पर्धा की भावना को समाप्त करने लगे। आज स्थिति यह है कि ९० प्रतिशत अंक पाने वाला विद्यार्थी केवल जाति के आधार पर अयोग्य ठहरा दिया जाता है, जबकि ४०–५० प्रतिशत अंक पाने वाला चयनित हो जाता है। क्या यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं है? क्या यह सामाजिक न्याय है? आरक्षण ने अनेक समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने के बजाय राजनीतिक रूप से अपंग बना दिया है। चीन का उदाहरण सामने है—भारत से बाद में आज़ाद होकर भी उसने बिना आरक्षण के नीति के कारण आर्थिक और तकनीकी प्रगति में हमसे कहीं आगे छलांग लगा ली। इसी बीच बेरोजगारी चरम पर है, करोड़ों सरकारी पद खाली हैं, लेकिन उन्हें भरने की इच्छाशक्ति नहीं दिखती। गंगा और गौ-रक्षा के नाम पर राजनीति करने वाली सरकार के दौर में गौमांस निर्यात बढ़ता है और चंदे की राजनीति फलती-फूलती है। राम को चुनावी ब्रांड बनाने वाली सत्ता आज रामायण और महाभारत को 'कहानी' बताने लगी है। यह वही राम हैं जिनकी पूजा करोड़ों हिंदू घरों में होती है, जिन पर अखंड रामायण पाठ और रामलीला की परंपरा जीवित है—भारत ही नहीं, इंडोनेशिया तक। सबसे चिंताजनक प्रसंग है हिंदुओं के सर्वमान्य गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के साथ हुआ व्यवहार। उन्हें पारंपरिक स्नान से रोका गया, उनके बटुकों को पीटा गया, प्रमाण मांगा गया कि वे शंकराचार्य हैं या नहीं। जब प्रधानमंत्री स्वयं उनके चरणों में झुककर आशीर्वाद ले चुके हैं, तो अब प्रशासन को उनका अस्तित्व संदिग्ध क्यों लगने लगा? क्या इसलिए कि उन्होंने अधूरे राममंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को शास्त्र-विरुद्ध बताया? क्या इसलिए कि उन्होंने बुलडोजर न्याय पर सवाल उठाए? एक ओर सत्ता के चाटुकार बाबाओं को सुरक्षा और सम्मान मिलता है, दूसरी ओर सच बोलने वाले संतों का अपमान किया जाता है। क्या यही हिंदुत्व है? क्या यही हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना है? सरकार का धर्म समाज को जोड़ना होता है, तोड़ना नहीं। जिन सवर्ण समाजों ने भाजपा को सत्ता तक पहुंचाया, आज उन्हीं को अपमानित कर हिंदू एकता का दावा कैसे किया जा सकता है? यदि हिंदू राष्ट्र का अर्थ सामाजिक अन्याय, वैमनस्य और अपमान है, तो ऐसे हिंदू राष्ट्र की आवश्यकता ही क्या है? हिंदुत्व का अर्थ परस्पर सम्मान, समरसता और सत्य के साथ खड़ा होना है—न कि सत्ता के लिए समाज को बांटना। इतिहास गवाह है, जो सत्ता साधु-संतों और समाज की चेतना से टकराती है, उसका पतन अवश्यंभावी होता है।

पेज 1 का शेष...

गणतंत्र दिवस की पूव...

उन्होंने बताया कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहन मिला है, जबकि 'प्रधानमंत्री जन-धन योजना' के तहत खोले गए ५७ करोड़ से अधिक बैंक खातों में लगभग ५६ प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आज महिलाएं परंपरागत रूढ़ियों को तोड़कर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। दस करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक सशक्तिकरण की नई मिसाल कायम कर रही हैं। खेत-खलिहानों से लेकर अंतरिक्ष तक, खेल से लेकर सशस्त्र बलों तक, महिलाएं देश के विकास में सक्रिय योगदान दे रही हैं। उन्होंने खेल जगत में महिलाओं की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप, ब्लाइंड महिला टी२० विश्व कप और शतरंज विश्व कप में भारतीय बेटियों की सफलता पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। राष्ट्रपति ने पंचायती राज संस्थाओं में लगभग ४६ प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व का उल्लेख करते हुए कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। इससे महिला नेतृत्व द्वारा विकास की सोच को अभूतपूर्व बल मिलेगा और भारत समावेशी गणतंत्र का आदर्श उदाहरण बनेगा। किसानों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि अन्नदाता किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत के बल पर भारत खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बना है और कृषि उत्पादों का निर्यात कर रहा है। किसानों को उचित मूल्य, रियायती ऋण, बीमा सुरक्षा, उन्नत बीज, सिंचाई सुविधाएं और आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ने को प्राथमिकता दी जा रही है। 'पीएम किसान सम्मान निधि' योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक संबल दिया जा रहा है। गरीबी उन्मूलन पर राष्ट्रपति ने कहा कि दशकों से गरीबी से जूझ रहे करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि वे दोबारा गरीबी में न लौटें। 'पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत लगभग ८१ करोड़ लोगों को खाद्यान्न सुरक्षा दी जा रही है। इसके साथ ही, चार करोड़ से अधिक पक्के घरों का निर्माण कर गरीब परिवारों को सम्मानजनक जीवन का आधार प्रदान किया गया है। अपने संबोधन के अंत में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि ये सभी प्रयास महात्मा गांधी के सर्वोदय के आदर्श को साकार करते हैं और देश को एक सशक्त, समावेशी और विकसित भारत की ओर अग्रसर करते हैं।

बार्शी में दोनों कद्दू...

और पार्टी प्रमुख स्वयं संबंधित विधायकों से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि बार्शी में उनकी जरूरत पड़ी तो वे पार्टी प्रमुख से चर्चा कर निर्णय लेंगी, लेकिन बार्शी की युति को शिवसेना (उद्धव गुट) की युति नहीं माना जा सकता। उन्होंने हिंदुहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे की जन्मशताब्दी का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने साफ कहा है कि 'जान चली जाए तो भी किसी के गुलाम नहीं बनेंगे।' यही वाक्य उनके लिए मार्गदर्शक है और उसी आधार पर आगे की राजनीति तय की जाएगी। भाजपा में गए नेताओं पर कार्रवाई के सवाल पर सुषमा अंधारे ने कहा कि ऐसे लोगों से बस इतना ही कहना है कि वे जहां हैं, वहीं सुखी रहें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रत्येक जिले में पार्टी के प्रतिनिधि जिम्मेदारी निभा रहे हैं और यदि कोई अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाता, तो उस पर कार्रवाई की शुरुआत वे स्वयं करेंगी।

गठबंधन पंजीकरण में अड़चन...

इसी वजह से प्रशासन को चुनाव प्रक्रिया रोकनी पड़ी। दरअसल, भाजपा और शिवसेना के बीच यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दोनों दल संयुक्त समूह बनाकर चुनाव लड़ेंगे या अलग-अलग। भाजपा ने महापौर पद पर अपना दावा ठोक दिया है, जबकि शिवसेना महापौर या स्थायी समिति अध्यक्ष पद पर अपना अधिकार जता रही है। दोनों दलों के बीच चल रही आंतरिक बातचीत और पदों के बंटवारे को लेकर मतभेद अब तक सुलझ नहीं पाए हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि जब तक गठबंधन को लेकर अंतिम सहमति नहीं बनती, तब तक समूह पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी होना मुश्किल है। यही वजह है कि बीएमसी में महापौर चुनाव को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, जैसे ही समूह पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी होगी, नया चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया जाएगा। मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए अब यह संभावना जताई जा रही है कि मुंबई को नया महापौर फरवरी में मिल सकता है। तब तक बीएमसी की राजनीतिक सरगर्मी गठबंधन के फैसले पर टिकी रहेगी।

नागौर में अवैध विस्फोटकों का...

पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर आरोपी के ठिकाने पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने १८७ कट्टों में भरा ९,५५० किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया। इसके अलावा मौके से बड़ी मात्रा में अन्य विस्फोटक सामग्री और उपकरण भी जब्त किए गए। जब्त सामग्री में ९ कार्टन डेटोनेटर, १२ कार्टन और १५ बंडल नीली बत्ती वायर, १२ कार्टन और ५ बंडल लाल बत्ती वायर, गुल्ले तथा लकड़ी के कार्टनों में रखे अन्य विस्फोटक उपकरण शामिल हैं। इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ पहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह विस्फोटक सामग्री कहां से लाई गई, किस नेटवर्क के जरिए इसका भंडारण किया गया और इसे किन उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाना था। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस अवैध गतिविधि में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की तह तक जाकर पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गुरु तेग बहादुर साहिब का...

उल्लेख करते हुए महाराष्ट्र की सामाजिक समरसता की विरासत को रेखांकित किया। दिल्ली सरकार के मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि नांदेड की ऐतिहासिक भूमि पर इस भव्य समागम का आयोजन विविध समाजों को एक साथ लाने वाला सिद्ध हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को साकार करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरु तेग बहादुर साहिब का इतिहास आम नागरिकों तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। संत ज्ञानी हरनाम सिंह ने कहा कि संत नामदेव ने महाराष्ट्र और पंजाब को जोड़ने का कार्य किया, जिसे आगे चलकर श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज ने और सुदृढ़ किया। जब-जब देश पर संकट आया, महाराष्ट्र और पंजाब ने एक साथ शौर्य का परिचय दिया। उन्होंने गुरु तेग बहादुर साहिब के इतिहास को विद्यालयी पाठ्यक्रम में शामिल करने के निर्णय की सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के दर्शन किए और पंच प्यारे का सम्मान किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना अखिल भारतीय धर्म जागरण समिति के प्रमुख शरदराव ढोले ने रखी, जबकि आभार प्रदर्शन शहीदी समागम के राज्य समन्वयक रामेश्वर नाईक ने किया।

मेष: आज का दिन आत्मविश्वास और सक्रियता से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयासों की सराहना हो सकती है और कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। देश, समाज या संगठन से जुड़े कार्यों में भागीदारी का अवसर मिलेगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी, लेकिन खर्च सोच-समझकर करें। स्वास्थ्य में ऊर्जा बनी रहेगी, हालांकि हल्की थकान संभव है।

वृषभ: आज स्थिरता और अनुशासन से लाभ मिलेगा। पारिवारिक माहौल सकारात्मक रहेगा और किसी वरिष्ठ व्यक्ति से मार्गदर्शन मिल सकता है। नौकरी या व्यापार में स्थिति संतोषजनक रहेगी। आर्थिक मामलों में बचत पर ध्यान देंगे। स्वास्थ्य में गला, गर्दन या पाचन से जुड़ी सावधानी रखें।

मिथुन: आज संवाद और संपर्क आपके लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। सरकारी, सामाजिक या सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। लेखन, मीडिया या शिक्षा से जुड़े लोगों के लिए दिन सक्रिय है। मानसिक व्यस्तता अधिक रहेगी। नींद और एकाग्रता पर ध्यान दें।

कर्क: आज भावनात्मक संतुलन बनाए रखना जरूरी रहेगा। पारिवारिक जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में दबाव रहेगा, लेकिन आप स्थितियों को संभाल लेंगे। घरेलू खर्च बढ़ने के संकेत हैं। स्वास्थ्य में तनाव या पेट से जुड़ी समस्या हो सकती है।

सिंह: आज मान-सम्मान और प्रभाव बढ़ेगा। सार्वजनिक जीवन, संगठन या नेतृत्व से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष है। लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कन्या: आज योजना और अनुशासन से काम लेना लाभकारी रहेगा। कागजी, प्रशासनिक या सरकारी कार्यों में सफलता मिल सकती है। रिश्तों में अधिक आलोचना से बचें। आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी। स्वास्थ्य में पेट या त्वचा से जुड़ी समस्या संभव है।

तुला: आज संतुलन और सामंजस्य बनाए रखना आवश्यक है। पारिवारिक और सामाजिक जीवन में तालमेल बनेगा। साझेदारी से जुड़े मामलों में लाभ हो सकता है। आय और खर्च दोनों रहेंगे। स्वास्थ्य में कमर या किडनी से जुड़ी सावधानी रखें।

वृश्चिक: आज गहन सोच और आत्ममंथन का दिन है। किसी महत्वपूर्ण निर्णय पर विचार करेंगे। कार्यक्षेत्र में विरोध या प्रतिस्पर्धा रह सकती है, लेकिन आप स्थिति संभाल लेंगे। अचानक खर्च संभव है। मानसिक तनाव से बचें।

धनु: आज विचारधारा, शिक्षा और विस्तार से जुड़े विषय सामने आएंगे। सामाजिक, शैक्षणिक या वैचारिक कार्यक्रमों में भागीदारी संभव है। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन खानपान पर ध्यान दें।

मकर: आज जिम्मेदारियाँ बढ़ेंगी और कार्यक्षेत्र में व्यस्तता रहेगी। आपकी मेहनत को पहचान मिलेगी। सरकारी या प्रशासनिक मामलों में प्रगति हो सकती है। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। स्वास्थ्य में हड्डियों या घुटनों से जुड़ी परेशानी हो सकती है।

कुंभ: आज नई सोच और बदलाव की भावना प्रबल रहेगी। सामाजिक, तकनीकी या सामूहिक गतिविधियों में सक्रियता बढ़ेगी। आप किसी व्यवस्था पर सवाल उठा सकते हैं। रिश्तों में दूरी महसूस हो सकती है। स्वास्थ्य में तनाव या एंग्जायटी से सावधानी रखें।

मीन: आज संवेदनशीलता और करुणा अधिक रहेगी। सेवा, कला या रचनात्मक कार्यों से मन को शांति मिलेगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। आर्थिक मामलों में भावनात्मक खर्च से बचें। स्वास्थ्य में नींद की कमी हो सकती है।

एल.आई.सी

भारतीय जीवन बीमा से संबंधित किसी भी जानकारी या समस्या समाधान हेतु संपर्क करें।

-भारत सिंह

मो.9967255741

महत्वपूर्ण सूचना

विज्ञापन प्रति के स्वीकृति पूर्व एहतियातन बरती जाने के बावजूद, उसमें अंतर्भूत बाते जांचना संभव नहीं है। ऐसी अंतर्भूत बातों के लिए दैनिक **स्वर्णिम प्रदेश** के अंतर्गत समाचार पत्र या प्रकाशनों में आनेवाली कंपनियां, संस्थाए या व्यक्तिगत विज्ञापनों के साथ हुए किसी भी प्रकार के व्यवहार के लिए समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं है।

गणतंत्र दिवस: अधिकारों के उत्सव के साथ कर्तव्यों के निर्वहन का भी पर्व

प्रवीण कक्कड़

२६ जनवरी केवल राष्ट्रीय पर्व नहीं है। यह आत्म-मंथन का अवसर है, यह सोचने का कि एक नागरिक के रूप में हम अपने अधिकारों के प्रति जितने सजग हैं, क्या अपने कर्तव्यों के प्रति भी उतने ही उत्तरदायी हैं। इसी दिन भारत ने स्वयं को एक गणतांत्रिक राष्ट्र के रूप में स्थापित किया था। हमारे संविधान ने हमें केवल गणतंत्र नहीं दिया, बल्कि एक सशक्त, समावेशी और उत्तरदायी राष्ट्र के निर्माण की साझा जिम्मेदारी भी सौंपी। आज जब भारत एक आधुनिक, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब यह जिम्मेदारी सबसे अधिक युवाओं के कंधों पर आ टिकती है। देश का वर्तमान भले ही अनुभव और परंपरा से संचालित हो, लेकिन उसका भविष्य युवाओं की सोच, उनके आचरण और उनके मूल्यों से ही आकार लेगा। गणतंत्र की मजबूती का असली पैमाना यही है कि उसका युवा वर्ग अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को कितनी गंभीरता से स्वीकार करता है।

कर्तव्य की पाठशाला: समाज की सामूहिक जिम्मेदारी

कर्तव्यों की समझ केवल पाठ्यपुस्तकों से नहीं आती। इसके लिए परिवार, समाज और संस्थाओं की साझा भूमिका आवश्यक है। युवाओं को यह बोध कराना होगा कि राष्ट्रप्रेम केवल नारों, प्रतीकों या सोशल मीडिया की अभिव्यक्तियों तक सीमित नहीं है। वह हमारे दैनिक आचरण में दिखाई देता है, अनुशासन में, ईमानदारी में और सामाजिक संवेदनशीलता में। जब कोई युवा यातायात नियमों का पालन करता है, सार्वजनिक संपत्ति को अपनी संपत्ति की तरह सुरक्षित रखता है, पर्यावरण के प्रति सजग रहता है या समाज के वंचित वर्ग के लिए आगे आता है, तो वह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से गणतंत्र की नींव को मजबूत करता है। यही छोटे-छोटे आचरण लोकतंत्र को व्यवहारिक रूप से जीवंत बनाते हैं।

अधिकार, कर्तव्य और रोजगार: परस्पर पूरक संबंध

समकालीन भारत में युवाओं के सामने सबसे बड़ा प्रश्न रोजगार का है। इस संदर्भ में अधिकार और कर्तव्य को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। वास्तव में, कर्तव्य और रोजगार परस्पर पूरक हैं। यदि युवा शिक्षा, कौशल विकास और आत्म-अनुशासन को अपना प्राथमिक कर्तव्य मान लें, तो वे केवल रोजगार की प्रतीक्षा करने वाले नहीं रहेंगे, बल्कि नए अवसर सृजित करने वाले बन सकते हैं। एक जिम्मेदार नागरिक ही एक कुशल पेशेवर बनता है। जब कोई युवा अपने कार्य को ईमानदारी और निष्ठा से करता है,चाहे वह छात्र हो, कर्मचारी हो, उद्यमी हो या किसान, तो वही उसका राष्ट्र के प्रति सबसे सार्थक योगदान होता है। राष्ट्र निर्माण केवल नीतियों या घोषणाओं से नहीं, बल्कि कार्यस्थलों पर निभाई गई जिम्मेदारियों से होता है।

डिजिटल युग और चुनौती

आज का युग सूचनाओं की तीव्रता का युग है। डिजिटल माध्यमों ने अभिव्यक्ति के नए अवसर दिए हैं, लेकिन इसके साथ ही भ्रम की चुनौतियाँ भी खड़ी की हैं। सोशल मीडिया पर क्षणिक लोकप्रियता और बिना जिम्मेदारी की

अभिव्यक्ति कई बार युवा ऊर्जा को गलत दिशा में मोड़ देती है। संविधान हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है, किंतु यह स्वतंत्रता उत्तरदायित्व से अलग नहीं है। युवाओं को यह समझना होगा कि उनके अधिकार वहीं समाप्त होते हैं, जहाँ से दूसरों के अधिकार प्रभावित होने लगते हैं। असहमति लोकतंत्र की ताकत हो सकती है, पर अराजकता उसकी जड़ों को कमजोर करती है। आज आवश्यकता ऐसे युवाओं की है, जो डिजिटल मंचों पर प्रतिक्रिया देने से पहले संवैधानिक मर्यादाओं और सामाजिक प्रभावों पर विचार करें।

राष्ट्र निर्माण: हर युवा की भूमिका

राष्ट्र निर्माण केवल राजनीति या शासन की परिधि तक सीमित नहीं है। एक शिक्षक जो ईमानदारी से पढ़ाता है, एक डॉक्टर जो सेवा को सर्वोपरि रखता है, एक किसान जो कठिन परिस्थितियों में भी उत्पादन करता है, या एक युवा जो नवाचार के माध्यम से रोजगार के नए अवसर पैदा करता है वे सभी राष्ट्र निर्माता हैं। यदि युवा यह संकल्प ले कि वह शॉर्टकट, असहिष्णुता और गैर-जिम्मेदार आचरण से दूरी बनाएगा, तो वही संकल्प भारत के भविष्य की सबसे ठोस आधारशिला बनेगा। इस गणतंत्र दिवस पर आवश्यक है कि हम अधिकारों के उत्सव के साथ-साथ कर्तव्यों के निर्वहन को भी अपना गौरव बनाएं। जब युवा अपने व्यक्तिगत सपनों को राष्ट्र के दीर्घकालिक संकल्पों से जोड़ देगा, तब भारत के विकास पथ को कोई बाधा नहीं रोक पाएगी क्योंकि एक सशक्त गणतंत्र वही है, जहाँ युवा केवल प्रश्न नहीं पूछते, बल्कि समाधान की जिम्मेदारी भी उठाते हैं।

प्रथम गणतंत्र दिवस की रोचक बातें

अतिवीर जैन 'पराग'

गणतंत्र दिवस की पहली परेड २६ जनवरी १९५० को दिल्ली में इरवीन एमफीथियेटर स्टेडियम से राष्ट्रपति भवन तक निकाली गई थी। इस स्टेडियम को वर्तमान में मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम कहा जाता है। इस परेड में तत्कालीन इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो मुख्य अतिथि थे और डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने इस दिन राष्ट्रीय ध्वज फराया था। डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद को राष्ट्रपति बनाने के लिए २४ जनवरी १९५० को संविधान सभा के विशेष सत्र का आयोजन किया गया था। उन्हें सर्वसम्मति से भारतीय गणराज्य का राष्ट्रपति चुना गया था। डॉ. राजेंद्र प्रसाद घोड़ा गाड़ी में राष्ट्रपति भवन से इरविन एमफीथियेटर स्टेडियम तक आए थे। इन्होंने पहले राष्ट्रपति पद की शपथ ली उसके बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रपति को २१ तोपों की सलामी दी गई थी। ३००० सैनिकों ने परेड में भाग लिया, जिसका नेतृत्व राष्ट्रपति ने स्वयं घोड़ा गाड़ी में किया था। वायु सेना के विमानों ने भी आसमान में अपने करतब दिखाए थे। सन १९५० से १९५४ तक गणतंत्र दिवस का समारोह किंग्सवे कैंप जिसे आज राजपथ या कर्तव्य पथ कहा जाता है, लाल किला मैदान, और रामलीला मैदान में बनाए जाते रहे। सन १९५५ से यह स्थाई रूप से राजपथ जिसे अब कर्तव्य पथ कहते हैं, पर मनाया जाता है। २६ नवंबर १९४९ को संविधान पूर्ण हो गया था और संविधान सभा में पास हो गया था।

जिसको २६ जनवरी १९५० से लागू किया गया, और भारत एक संपूर्ण गणतंत्र हो गया और यह संविधान भारत पर लागू हो गया। सन २०१५ से २६ नवंबर को प्रतिवर्ष संविधान दिवस के रूप में मनाया जाने लगा है। संविधान को प्रेम बिहारी नारायण रायजादा ने अपने हाथ से लिखा था और इसकी कोई फीस नहीं ली थी पर एक शर्त रखी थी जिसके अनुसार संविधान के हर पन्ने पर उनका नाम लिखा हुआ है और आखिरी पन्ने पर उनके दादाजी के नाम के साथ उनका नाम लिखा हुआ है। संविधान की यह मूल पांडुलिपि आज भी संसद भवन में सुरक्षित है।

पुणे में नायलॉन मांझे का कहर जारी, फ्लाईओवर पर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

संवाददाता

पुणे। मकर संक्रांति के बाद भी नायलॉन मांझे से जुड़े हादसों का सिलसिला पुणे में जारी है। स्वारगेट क्षेत्र से सामने आए एक और गंभीर मामले ने प्रतिबंधित पतंग के धागे से होने वाले जानलेवा खतरों को उजागर कर दिया है। बार-बार चेतावनी, जागरूकता अभियानों और पिछले हादसों के बावजूद नायलॉन मांझा व्यस्त सड़कों और फ्लाईओवर पर लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है। ताजा घटना में धनकवाड़ी के रहने वाले ३० वर्षीय संकेत बोथरा देशभक्त लेट केशवराव जेधे फ्लाईओवर से शाम करीब छह बजे मोटरसाइकिल से गुजर रहे थे। इसी दौरान अचानक नायलॉन मांझा उनके गले और दाहिने हाथ में लिपट गया। खुद को छुड़ाने की कोशिश में वह धागा पास से गुजर रहे एक तेज रफ्तार वाहन में भी फंस गया, जिससे मांझा और कस गया और कुछ ही सेकंड में उनके हाथ को गंभीर नुकसान पहुंचा।

तेज और धारदार नायलॉन धागे से संकेत बोथरा के दाहिने अंगूठे में गहरा कट लग गया। उनके अंगूठे का आधे से अधिक हिस्सा कट गया और उंगलियों की नसों को भी गंभीर क्षति पहुंची। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हाथ को बचाने के लिए आपातकालीन सर्जरी की। अस्पताल प्रशासन के अनुसार उनकी हालत फिलहाल स्थिर है, लेकिन चोटें गंभीर हैं और लंबे इलाज की आवश्यकता पड़ सकती है। इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि स्पष्ट प्रतिबंध के बावजूद पुणे में नायलॉन मांझा खुलेआम बेचा और इस्तेमाल किया जा रहा है, जो प्रशासन की विफलता को दर्शाता है। कुछ दिन पहले भारती विद्यापीठ इलाके में भी इसी तरह की घटना में एक युवती गंभीर रूप से घायल हो चुकी है।

सामाजिक कार्यकर्ता अभिजीत टेंबेकर ने प्रशासन की आलोचना करते हुए कहा कि पतंग उड़ाने जैसी मनोरंजक गतिविधि अब जानलेवा बनती जा रही है। नायलॉन या चीनी मांझा इंसानों के साथ-साथ जानवरों और पक्षियों के लिए भी बेहद खतरनाक है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा इस पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद इसके अवैध इस्तेमाल पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर कब प्रशासन सख्ती से कार्रवाई कर इस खतरनाक मांझे की बिक्री और उपयोग पर पूरी तरह रोक लगाएगा, ताकि आम नागरिकों की जान सुरक्षित रह सके।

कुर्ला में घरेलू नौकरानी से मारपीट और अवैध कैद करने का आरोप, झूठी रेप शिकायत दर्ज कराने का दबाव

संवाददाता

मुंबई। कुर्ला के कोहिनूर सिटी इलाके में एक १९ वर्षीय घरेलू नौकरानी के साथ कथित रूप से शारीरिक उत्पीड़न, अवैध कैद और मानसिक प्रताड़ना का मामला सामने आया है। पीड़िता पश्चिम बंगाल की रहने वाली है और बीते दो महीनों से कोहिनूर सिटी में रहने वाले एक व्यवसायी के घर में घरेलू कामकाज के साथ-साथ छोटे बच्चे की देखभाल का काम कर रही थी। पीड़िता की शिकायत के अनुसार, २१ जनवरी को दोपहर करीब दो बजे मालिक की पत्नी ने बच्चों को कैंडी देने की बात पर उसे बेरहमी से पीटा। मारपीट से आहत लड़की जब इसकी शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस स्टेशन जाने लगी, तो मालिक और उसकी पत्नी ने कथित तौर पर उसे रोक लिया और लगभग एक घंटे तक एक कमरे में बंद कर दिया। आरोपी यहीं नहीं रुके। पीड़िता के मुताबिक २३ जनवरी की शाम करीब चार बजे पति-पत्नी ने एक बार फिर उसके साथ मारपीट की और गाली-गलौज की। इसके बाद उस पर अपने पुराने ड्राइवर के खिलाफ झूठी पुलिस शिकायत दर्ज कराने का दबाव डाला गया। बताया गया कि उक्त ड्राइवर, जिसने पहले नौकरी छोड़ दी थी, उसके खिलाफ लड़की से यह बयान दिलवाने की कोशिश की गई कि उसने उसके साथ बलात्कार किया और घर से ९ लाख रुपये चुरा लिए। पीड़िता का आरोप है कि उसे बार-बार वही झूठा बयान दोहराने के लिए मजबूर किया गया। २४ जनवरी की तड़के करीब तीन बजे आरोपी उसे पुलिस स्टेशन लेकर पहुंचे, लेकिन वहां लड़की ने साहस दिखाते हुए पुलिस को पूरी सच्चाई बता दी। उसने स्पष्ट कहा कि ड्राइवर ने उसके साथ किसी भी तरह का यौन उत्पीड़न नहीं किया और यह पूरी कहानी उसके मालिकों द्वारा गढ़ी गई थी। उसने यह भी बताया कि उसी पर मारपीट की गई और झूठी शिकायत दर्ज कराने का दबाव बनाया गया। पीड़िता के बयान के आधार पर विनोबा भावे नगर पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा ११५(२) (जानबूझकर चोट पहुँचाना), १२७(२) (गलत तरीके से कैद करना) और ३५२ (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस सब-इंस्पेक्टर अभिजीत तानाजी नेवसे ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और पीड़िता को आवश्यक सुरक्षा और सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। यह मामला घरेलू कामगारों की सुरक्षा और उनके अधिकारों को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े करता है।

आदिवासी तरपा कला को वैश्विक पहचान दिलाने वाले भिकल्या ढिंडा को मिलेगा पद्म श्री

संवाददाता

पालघर। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार ने वर्ष २०२६ के पद्म पुरस्कारों की घोषणा की है। इस सूची में महाराष्ट्र से चार प्रतिष्ठित हस्तियों को शामिल किया गया है। इनमें पालघर जिले के जव्हार तालुका के दूरदराज आदिवासी गांव वालवंडा के रहने वाले प्रसिद्ध तारपा वादक भिकल्या लाडक्या ढिंडा को पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। यह सम्मान आदिवासी कला, संस्कृति और लोकसंगीत के संरक्षण व प्रसार में उनके आजीवन योगदान की राष्ट्रीय स्वीकृति है। पद्म पुरस्कार की घोषणा के बाद भिकल्या ढिंडा के परिवार और पूरे आदिवासी समुदाय में खुशी और गर्व का माहौल है। ईटीवी भारत से बातचीत में भिकल्या ढिंडा ने कहा कि उन्होंने जीवन भर आदिवासी संस्कृति को सहेजने और आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि उनका परिवार आर्थिक रूप से भले ही साधारण रहा हो, लेकिन संस्कृति ने उन्हें पहचान दी और यही उनकी सबसे बड़ी संपत्ति है। भिकल्या लाडक्या ढिंडा पिछले ८० वर्षों से अधिक समय से पारंपरिक आदिवासी वाद्य यंत्र 'तारपा' के वादन से जुड़े हुए हैं। तारपा केवल एक वाद्य यंत्र नहीं, बल्कि महाराष्ट्र की आदिवासी विरासत, सामाजिक जीवन और सामूहिक सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न हिस्सा है। ढिंडा ने इस लोक कला को गांवों और जंगलों की सीमाओं से बाहर निकालकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाया, जिससे आदिवासी संस्कृति को व्यापक पहचान मिली। भिकल्या ढिंडा ऐसे परिवार में जन्मे हैं, जहां लगभग १५० वर्षों से तारपा वादन की परंपरा चली आ रही है। उनके दादा नवसु धकलिया ढिंडा और पिता लाडकिया धकलिया ढिंडा अपने समय के जाने-माने तारपा वादक थे। इसी समृद्ध सांस्कृतिक वातावरण में पले-बढ़े भिकल्या का बचपन से ही तारपा से गहरा नाता जुड़ गया।

औपचारिक शिक्षा न होने के बावजूद उन्होंने मात्र १२ वर्ष की उम्र में इस कला को अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया। आज ९२ वर्ष की आयु में भी उनका उत्साह, साधना और समर्पण पहले जैसा ही है। वे आज भी तारपा को केवल संगीत का माध्यम नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक और दिव्य शक्ति मानते हैं। लोक कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें वर्षों में सैकड़ों पुरस्कार और सम्मान मिल चुके हैं, लेकिन पद्म श्री पुरस्कार की घोषणा ने न केवल उनके जीवन की साधना को नई ऊंचाई दी है, बल्कि पूरे आदिवासी समाज को गौरवान्वित किया है। सम्मान की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भिकल्या लाडक्या ढिंडा ने कहा कि तारपा उनके लिए जीवन का आधार और संस्कृति की आत्मा है। उन्होंने युवा पीढ़ी से अपील की कि वे इस समृद्ध आदिवासी परंपरा को सहेजें और आगे बढ़ाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी जड़ों से जुड़ी रह सकें। भिकल्या लाडक्या ढिंडा को मिला पद्म श्री सम्मान न केवल एक कलाकार की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक आत्मा को जीवित रखने वाली आदिवासी कला, संगीत और परंपराओं की भी राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त मान्यता है।

ड्यूटी पर शराब पीने वालों पर सख्ती: एमएसआरटीसी कर्मचारियों को तत्काल सस्पेंड करने के आदेश

संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री और महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन महामंडल (एमएसआरटीसी) के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने ड्यूटी के दौरान शराब पीने वाले ड्राइवरों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। रविवार को मुंबई के परेल बस डिपो के औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने ऐसे कर्मचारियों को तुरंत सस्पेंड करने और जांच के बाद नौकरी से बर्खास्त करने के निर्देश दिए। मंत्री ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि इस तरह के मामलों में किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। औचक निरीक्षण के दौरान सरनाईक ने ड्राइवरों और कंडक्टरों के लिए बने रेस्ट रूम का दौरा किया, जहां कई स्थानों पर शराब की खाली बोतलें मिलीं। कुछ कर्मचारियों से शराब की गंध आने पर नशे में ड्यूटी करने का संदेह भी जताया गया।

इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए मंत्री ने मौके पर मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि ऐसी अनुशासनहीनता अधिकारियों की लापरवाही को दर्शाती है। प्रताप सरनाईक ने कहा कि सरकार बाहर ड्यूटी पर जाने वाले कर्मचारियों के लिए रेस्ट हाउस और अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर लगातार निवेश कर रही है। इसके बावजूद यदि इन सुविधाओं का दुरुपयोग शराब पीने जैसी हरकतों के लिए किया जा रहा है, तो यह न केवल अनुशासनहीनता है बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा भी है। उन्होंने कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाने वाला कर्मचारी सिर्फ दुर्घटनाओं को ही नहीं बुलाता, बल्कि एमएसआरटीसी की सुरक्षा और विश्वसनीयता को भी कमजोर करता है। मंत्री ने एमएसआरटीसी के सुरक्षा और सतर्कता विभागों की भूमिका पर भी सवाल उठाए और कहा कि संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के कारण ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश देते हुए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सरनाईक ने ड्यूटी पर आने वाले सभी कर्मचारियों, विशेषकर ड्राइवरों के लिए ब्रेथ-एनालाइजर टेस्ट अनिवार्य कर दिया। टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने वाले किसी भी कर्मचारी को तुरंत सस्पेंड किया जाएगा। शनिवार के निरीक्षण में सामने आई अनियमितताओं की जांच के लिए एक अलग विभागीय जांच समिति गठित करने के भी आदेश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने डिपो की साफ-सफाई, शौचालय सुविधाओं और बस संचालन व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश देते हुए कहा कि एमएसआरटीसी में अनुशासन और सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

महाराष्ट्र के तूर उत्पादक किसानों को बड़ी राहत: केंद्र ने 3.37 लाख मीट्रिक टन तूर खरीद को दी मंजूरी

संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र के तूर उत्पादक किसानों के हित में केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए राज्य से ३.३७ लाख मीट्रिक टन तूर की खरीद को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह स्वीकृति उच्चस्तरीय बैठक में प्रदान की। यह खरीद 'मूल्य समर्थन योजना' (पीएसएस) के तहत की जाएगी, जिस पर लगभग २,६९६ करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस निर्णय से राज्य के लाखों तूर किसानों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। बैठक में महाराष्ट्र के विपणन मंत्री जयकुमार रावल सहित केंद्रीय कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तूर खरीद से केंद्र सरकार पर भले ही बड़ा वित्तीय बोझ पड़े, लेकिन किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

यह खरीद प्रक्रिया नेफेड (NAFED) और एनसीसीएफ (NCCF) के माध्यम से राज्य सरकार के समन्वय से की जाएगी। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक तकनीक के उपयोग, किसानों की आसान पंजीकरण प्रक्रिया और बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह खत्म करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जरूरत के अनुसार खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है, ताकि सीधे किसानों से खरीद सुनिश्चित हो सके और लाभ वास्तविक उत्पादकों तक पहुंचे।

कांदिवली में सामूहिक यौन शोषण और डिजिटल ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज मामला गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज

इन्द्र यादव

मुंबई। मुंबई के समता नगर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस ने इस प्रकरण में एफआईआर क्रमांक ००८७/२०२६ दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) की कई बेहद गंभीर धाराएं लगाई हैं, जो अपराध की भयावहता और संवेदनशीलता को दर्शाती हैं। पुलिस दस्तावेजों के अनुसार, यह घटना २३ अगस्त २०२५ से २८ अगस्त २०२५ के बीच घटित हुई। हालांकि पीड़िता की ओर से आधिकारिक शिकायत २५ जनवरी २०२६ को रात ०१:१२ बजे दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर पुलिस ने तत्काल मामला पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी।

पीड़ित पक्ष ने पुलिस को मौखिक रूप से पूरी आपबीती बताई, जिसके बाद कानून का शिकंजा आरोपियों पर कसा गया है। इस मामले में पुलिस ने कुल १० गंभीर धाराएं लगाई हैं। बीएनएस की धारा ६४(२)(i) और ६४(२)(म) के तहत आरोप है कि भरोसे या नियंत्रण की स्थिति का दुरुपयोग करते हुए पीड़िता के साथ बार-बार बलात्कार किया गया। वहीं, धारा १२३ के तहत नशीले या बेहोश करने वाले पदार्थ का इस्तेमाल कर अपराध को अंजाम देने का आरोप भी शामिल है। इसके अलावा, महिला की शालीनता और मानसिक सुरक्षा से जुड़े अपराधों को देखते हुए धारा ७४ (लज्जा भंग), धारा ७७ (पीछा करना/डराना) और धारा ३५१(३) (गंभीर आपराधिक धमकी) भी एफआईआर में जोड़ी गई हैं। मामले की गंभीरता को और बढ़ाते हुए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा ६६(ई), ६७ और ६७(ए) भी लगाई गई हैं, जो पीड़िता की निजता के उल्लंघन, आपत्तिजनक फोटो-वीडियो के प्रसार और डिजिटल ब्लैकमेलिंग की ओर इशारा करती हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हालांकि अभी तक आरोपियों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं, लेकिन कई संदिग्ध पुलिस के रडार पर हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है। एफआईआर में बीएनएस की धारा ६१(२) (आपराधिक साजिश) का शामिल होना इस बात का संकेत है कि इस जघन्य अपराध में एक से अधिक लोग शामिल हो सकते हैं और यह पूरी तरह से योजनाबद्ध साजिश का हिस्सा था। जांच अधिकारी ने बताया कि मामले में तकनीकी साक्ष्य, विशेषकर डिजिटल एविडेंस, एकत्र किए जा रहे हैं।

मोबाइल फोन, सोशल मीडिया गतिविधियों और अन्य इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। अधिकारी ने कहा कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। यह मामला सामने आने के बाद पूरे इलाके में आक्रोश और भय का माहौल है। स्थानीय लोग और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि ऐसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

मराठी भाषा केवल संवाद नहीं, हजारों वर्षों की जीवंत सांस्कृतिक परंपरा: डॉ.किरण कुलकर्णी

अभिजात दर्जे से शोध, अनुवाद और रोजगार के खुलेंगे नए अवसर

संवाददाता

मुंबई। मराठी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हजारों वर्षों से निरंतर बहती एक सांस्कृतिक नदी है। यह विचार मराठी भाषा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के सचिव डॉ. किरण कुलकर्णी ने व्यक्त किए। वे रविवार को महाराष्ट्र शासन के सांस्कृतिक कार्य विभाग की ओर से पु. ल. देशपांडे महाराष्ट्र कला अकादमी द्वारा आयोजित 'व्याख्यानमाला' कार्यक्रम में बोल रहे थे। डॉ. कुलकर्णी ने मराठी को प्राप्त अभिजात भाषा के दर्जे के महत्व, उसके ऐतिहासिक विकास और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्य विभाग की उपसचिव नंदा राऊत, पु. ल. देशपांडे महाराष्ट्र कला अकादमी की संचालक मीनल जोगळेकर, सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. शिरीष ठाकूर, मराठी भाषा के विद्वान और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा मिलना केवल औपचारिक सम्मान नहीं है, बल्कि इससे केंद्र सरकार की विशेष योजनाओं के माध्यम से भाषा के विकास, शोध और संरक्षण के लिए नई संभावनाएं सृजित होंगी।

महाराष्ट्री प्राकृत, अपभ्रंश और आधुनिक मराठी के भाषाई प्रवास का उल्लेख करते हुए उन्होंने वररुचि के 'प्राकृतप्रकाश' ग्रंथ का संदर्भ दिया और मराठी की प्राचीनता के प्रमाण प्रस्तुत किए। ज्ञानेश्वरी, लीळाचरित्र, संत साहित्य और १९वीं सदी की आधुनिक मराठी परंपरा का उल्लेख करते हुए उन्होंने मराठी की सृजनशीलता और मौलिकता को रेखांकित किया। डॉ. कुलकर्णी ने यह भी कहा कि ज्ञानेश्वर-पूर्व लगभग डेढ़ हजार वर्षों की भाषिक और लिखित परंपरा पर अपेक्षित शोध अब तक कम हुआ है, जिस पर आगे गंभीर कार्य करने की आवश्यकता है। अभिजात भाषा योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र में 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और इसकी अधिसूचना फरवरी–मार्च तक जारी होने की संभावना है। उन्होंने अमरावती में आयोजित ११ अभिजात भाषाओं की परिषद का उल्लेख करते हुए बताया कि 'भाषिणी' ऐप के माध्यम से मराठी भाषण का अन्य भाषाओं में तत्काल अनुवाद कर तकनीक के जरिए भाषाई संवाद का नया मार्ग प्रशस्त किया गया है। मराठी के संवर्धन, शोध, अनुवाद और रोजगार सृजन के क्षेत्र में अगले एक वर्ष में ठोस लक्ष्य पूरे करने का संकल्प व्यक्त करते हुए उन्होंने समाज के सभी वर्गों से मराठी के भविष्य के निर्माण में सक्रिय सहभाग की अपील की।

Congress in tatters under Rahul Gandhi's leadership...

BJP shares Shakeel Ahmed's video, questions Leader of Opposition

New Delhi. Senior Congress leader Shakeel Ahmed's statement regarding Rahul Gandhi and the party's internal democracy has sparked political turmoil. The BJP has targeted both Congress and Rahul Gandhi through Shakeel Ahmed's statement. The BJP has accused Rahul Gandhi of sidelining leaders who speak out within the party. Furthermore, the BJP says that Rahul Gandhi, who speaks of democracy, does not believe in democracy within his own party. The BJP said that Rahul Gandhi has turned the Congress into a parasitic party in national politics. Congress leaders are now admitting this.

Those who speak of party interests are sidelined

Regarding the statement of former Congress leader Dr. Shakeel Ahmed, BJP leader Shahzad Poonawala said that Shakeel Ahmed, a very senior leader and former minister, says that Rahul Gandhi is the most cowardly and foolish person. According to Shakeel Ahmed, Rahul Gandhi doesn't like anyone who doesn't treat him like a boss. That's why he sidelined many senior leaders who worked with Sonia Gandhi. Poonawala said that Rahul Gandhi sidelines anyone who speaks of national interest or the party's interests—whether it's Shakeel Ahmed, Tariq Anwar, senior Congress leader Digvijay Singh, or Kumari Selja. The BJP spokesperson said that all of them are saying that they lost not because of vote rigging, but because of internal weaknesses. But Rahul Gandhi is repeatedly blaming the Election Commission to protect himself.

No one takes Rahul seriously

Meanwhile, BJP national spokesperson Pradeep Bhandari, in a post on the social media platform X, said that no one in the Congress takes Rahul Gandhi seriously ! Bhandari shared a video clip of Shakeel Ahmed on X, saying that no Congress leader takes Rahul Gandhi seriously. Former Congress MP Shakeel Ahmed admits that the Congress party is collapsing under Rahul Gandhi's leadership. In the near future, Congress will cease to be even a third party in national politics. Meanwhile, Congress leader Shashi Tharoor declined to comment on Shakeel Ahmed's statement.

Another FTA between India and EU 'Mother of All Deals'

